तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026


04 गुंडाधुर महाविद्यालय में हुई विज्ञान चेतना की ...



05 बरसात से पहले निर्माण पूरा करें






## खबर संक्षेप

### एचआईवी पॉजिटिव प्रसूता से दुर्व्यवहार

**जगदलपुर।** सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रसव के लिए आई एक एचआईवी संक्रमित महिला के साथ न केवल दुर्व्यवहार किया गया, बल्कि उसकी पहचान भी उजागर कर दी गई। इस लापरवाही और संवेदनहीनता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए परपा थाना पुलिस ने अस्पताल की स्टाफ नर्स सहित अन्य दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अस्पताल के स्टाफ ने उसकी बीमारी का सार्वजनिक मजाक उड़ाया और मानसिक प्रताड़ना देने के साथ-साथ साफ-सफाई तक करवाई। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार एचआईवी और एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 के तहत किसी भी मरीज की जानकारी साझा करना एक गंभीर संज्ञेय अपराध है। पुलिस अब इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान कर रही है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गरिमा बहाल की जा सके और पीड़ित महिला को न्याय मिल सके।

### बस्तर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**बस्तर।** खंड शिक्षा अधिकारी बस्तर भारती देवांगन ने शनिवार को बस्तर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्र स्थित हायर सेकेंडरी स्कूलों मांदलापाल, गोंदियापाल, चेराकुर, घोटिया एवं



रोतमा के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। वर्तमान में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा संचालित हो रही है, जिसके सफल एवं व्यवस्थित संचालन हेतु यह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का अवलोकन करते हुए केंद्राध्यक्षों एवं संस्था प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा भयमुक्त, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न होनी चाहिए, ताकि विद्यार्थी बिना किसी दबाव के स्वतंत्र रूप से परीक्षा दे सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से


शेष पेज 4 पर


# बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर ने जीता संयुक्त राष्ट्र की मेंटर का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की गौरवशाली संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता इन दिनों वैश्विक स्तर पर चर्चा का केंद्र बनी हुई है। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र की मेंटर और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन ने अपने छह दिवसीय प्रवास के दौरान बस्तर की अद्वितीय परंपराओं का अनुभव किया। अपने इस सफल भ्रमण के समापन पर शनिवार को उन्होंने बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा से औपचारिक मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन भी उपस्थित रहे, जहां बस्तर के पर्यटन और विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सुश्री किर्सी का मानना है कि बस्तर की जड़ें अपनी परंपराओं में इतनी गहरी हैं कि यह किसी भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटक के लिए एक अविस्मरणीय गंतव्य बन सकता है। विगत छह दिनों से बस्तर के विभिन्न अंचलों का भ्रमण करने के बाद शनिवार को सुश्री किर्सी ने यहां से विदाई ली। कलेक्टर ने उनके अनुभवों को बस्तर के पर्यटन संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण बताया। अंतरराष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ का बस्तर को समझने-बूझने का यह भ्रमण न केवल स्थानीय पर्यटन को नई पहचान दिलाने में सहायक होगा, बल्कि बस्तर की लोक कला और परंपराओं को वैश्विक पटल पर और अधिक मजबूती से स्थापित करेगा।

## प्रवास के बाद भावुक होकर विदा हुई सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन



### धुड़मारास पर्यटन स्थल का भ्रमण किया

कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत से मुलाकात के दौरान सुश्री किर्सी ने विशेष रूप से धुड़मारास भ्रमण के अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि यहां की स्थानीय संस्कृति और लोक परंपराओं ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने बस्तर के स्थानीय लोगों के अतिथि सत्कार और सदियों पुरानी पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## हादसा : लगातार हो रहे हादसे व युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश

# घाटलोंहगा फिटनेस सेंटर के सामने भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/घाटलोंहगा

- फिटनेस सेंटर को हटाने की मांग, दी चक्काजाम की चेतावनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के एनएच 30 स्थित घाटलोंहगा फिटनेस सेंटर के सामने सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार हो रहे हादसे से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने फिटनेस सेंटर को वहां से हटाने की मांग की है और नहीं हटाने पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक हादसा गुच्छागुड़ा पारा घाटलोहंगा के करीब सुबह लगभग 10 बजे की है। फिटनेस सेंटर के सामने अव्यवस्थित रूप से खड़े भारी वाहनों और भीड़भाड़ के कारण दुर्घटना में युवक को अपनी



जान गंवानी पड़ी। युवक जितेन्द्र ठाकुर 22 वर्ष अपने दो साथियों के साथ वाहन क्रमांक सीजी 17 केएच 0907 से घाटलोहंगा से जगदलपुर की ओर जा रहे थे इसी दौरान फिटनेस सेंटर के सामने खड़ी अव्यवस्थित वाहनों के चलते सामने से आ रही बाईक क्रमांक सीजी 17 एलबी 6490 से उनके वाहन की आमने सामने से टक्कर हो गई। इस हादसे में जितेंद्र ठाकुर की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए एम्बुलेंस से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि फिटनेस सेंटर में प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतार राष्ट्रीय राजमार्ग पर लग जाती है। बीते माह भी ट्रक व कार के बीच हुए टक्कर में कार


शेष पेज 4 पर


### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बताया जा रहा है कि मृतक जितेंद्र ठाकुर अपने परिवार का सहारा था उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार गहरे सदमे में है। क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे व्यस्त मार्ग पर संचालित संस्थानों के लिए स्पष्ट पार्किंग और सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए। यदि समय रहते उचित यातायात नियंत्रण, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और पार्किंग प्रबंधन की व्यवस्था की गई होती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। देर शाम पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया जिसके बाद गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

### घटना के बाद फूटा आक्रोश

दुर्घटना की खबर मिलते ही गुच्छागुड़ा सहित आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर फिटनेस सेंटर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने केंद्र को तत्काल बंद करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए फिटनेस सेंटर का मैनेजर मौके से गायब हो गया जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे और शासन-प्रशासन तक अपनी मांग पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि फिटनेस सेंटर बंद नहीं करने पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगें और इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## बस्तर में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- विज्ञान तीर्थ दर्शन अभियान शुरुआत करने की घोषणा की

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। यह समारोह शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में कृषि कालेज के सभागार में आ यो जि त किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, शोध एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिकों के योगदान को याद करने और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर है। नव जवान साथी ही अब सारथी हैं विज्ञान के सारे अभियान में शामिल हो। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए नवाचार और शोध की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विश्व और भारत के प्रारंभिक वैज्ञानिकों की तत्कालीन परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में माता- बहनों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस्तर में वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए, अनुसंधान करने वाले युवा वैज्ञानिकों का नाम वैज्ञानिक ग्रंथों में उल्लेख हो। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने सहित युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञान तीर्थ दर्शन अभियान शुरुआत करने की घोषणा की। जिसमें युवा वैज्ञानिकों को देश के प्रमुख वैज्ञानिकों के जन्म स्थलों का अध्ययन भ्रमण


शेष पेज 4 पर





## खबर संक्षेप



### एसडीओपी ने की केशकाल थाना में अभिलेखों की गहन पड़ताल

केशकाल। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केशकाल अरुण नेताम ने थाना केशकाल का प्रथम अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना के समस्त पंजियों का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान आर्म्स एवं एम्युनेशन पंजी, स्थायी वारंट की तामिली पंजी सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। अभिलेखों के रख-रखाव और अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों एवं गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। एसडीओपी श्री नेताम ने थाना स्टाफ को कार्य में पारदर्शिता, समयबद्ध कार्रवाई और रिकॉर्ड संधारण में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान केशकाल थाना प्रभारी निरी. विकास बघेल मौजूद रहे।

### 12 हितग्राहियों की एसडीएम कोर्ट में पेशी, राशि वापसी व नीलामी की चेतावनी



फरसगांव। नगर में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त करने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले 12 हितग्राहियों की आज एसडीएम न्यायालय में पेशी ली गई। फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने प्रथम किस्त की राशि प्राप्त कर उसे निर्धारित प्रयोजन के स्थान पर अन्य कार्यों में खर्च कर दिया है, वे तत्काल उक्त राशि जमा करें तथा आगामी 3 दिनों के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करें। सुनवाई के दौरान प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं की गई या निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो न्यायालय स्तर पर संबंधित हितग्राहियों की संपत्ति की नीलामी कर शासकीय राशि की वसूली की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है, इसलिए योजना की राशि का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे शासन की योजनाओं का लाभ नियमों के अनुरूप लें और समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर योजना का उद्देश्य सफल बनाएं।

# शहीदों के सम्मान में नक्सलगढ़ का युवक 27 सौ किमी की सायकिल यात्रा पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के दोरनापाल निवासी जगत मण्डल शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि व सम्मान देने 27 सौ किमी की साईकल यात्रा के लिए रवाना हो चुका है। उनका कहना है कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि केवल शब्दों से नहीं बल्कि कर्म और संकल्प से दी जाती है। दोरनापाल के युवा जगत मंडल ने देश के शहीदों को सम्मान देने के लिए 2700 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा करने का संकल्प लिया है उनका लक्ष्य है बस्तर से लद्दाख तक साइकिल चलाकर पहुंचना और शहीद जवानों को नमन करना उनके यात्रा का उद्देश्य है। जगत मंडल कहते हैं कि यह यात्रा किसी रिकॉर्ड या रोमांच के लिए नहीं है यह शहीदों को याद करने की यात्रा है, वे बताते हैं कि अक्सर हम शहीदों को केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी पर याद करते हैं जबकि उनका बलिदान हर दिन याद रखने योग्य है। देश की सीमाओं पर खड़े जवानों की वजह से ही हम सुरक्षित हैं अगर हम उन्हें केवल दो दिन याद करें तो यह उनके बलिदान के साथ न्याय नहीं होगा। लद्दाख में जहां देश की सीमाएं बर्फीली चोटियों के बीच सुरक्षित हैं और कई जवानों ने बलिदान दिया है लद्दाख में जगत मंडल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे यह यात्रा उनके लिए केवल शारीरिक परीक्षा नहीं बल्कि आत्मिक साधना है। जगत का कहना है कि बस्तर जो लंबे समय तक नक्सल घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहा अब यहां के युवाओं की सकारात्मक पहल की कहानी लिख रहा है वह अपनी यात्रा के दौरान संदेश दे रहे हैं कि हिंसा की जगह अब राष्ट्रनिर्माण और देशभक्ति की राह चुनी जा सकती है।

## दोरनापाल से लद्दाख तक 27 सौ किमी करेगा साइकिल से यात्रा

### 6 माह तक करेंगे साइकिल यात्रा

युवा साइकिल यात्री जगत मण्डल ने कहा कि वह अपने यात्रा के दौरान कई राज्यों से होकर गुजरेगें और लगभग छह माह में उनका यात्रा पूर्ण होगा। अपनी यात्रा के दौरान वह रास्ते में पड़ने वाले गांवों, कस्बों और शहरों में युवाओं से मिलेंगे और स्कूल और कॉलेजों में जाकर शहीदों के सम्मान और देशभक्ति का संदेश देंगे। उनका उद्देश्य केवल दूरी तय करना नहीं है बल्कि लोगों के दिलों तक पहुंचना है।



### आसान नही है सफर, कठिन रास्ते और मौसम की रहेगी चुनौती

दोरनापाल से लद्दाख का सफर आसान नहीं है घने जंगल, मैदानी इलाके और पहाड़ों की कठिन चढ़ाइयां, भीषण गर्मी, बदलता मौसम और सीमित संसाधन ये सभी चुनौती जगत मंडल के यात्रा के दौरान सामने आएगें लेकिन उनका हौसला इन सब से बड़ा है। जगत मंडल अपने गांव से निकले तो ग्रामीणों और युवाओं ने उन्हें विदा किया। बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया और बच्चे तिरंगा लहराकर उनका उत्साह बढ़ाया उस समय गांव में भावनात्मक दृश्य था जैसे पूरा गांव अपने बेटे को देश की सेवा के लिए भेज रहा हो।

### युवाओं के लिए प्रेरणा

इस तरह की यात्रा समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाती हैं यह युवाओं को देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की सीख देती हैं जब कोई युवा सीमित साधनों में इतना बड़ा संकल्प लेता है तो वह हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन जाता है। जगत लद्दाख पहुंचेंगे तो वह केवल साइकिल यात्री नहीं होंगे. वह बस्तर की नई पहचान का प्रतीक होगा जो संघर्ष से निकलकर संकल्प और सकारात्मकता की राह पर है। उनकी यह यात्रा आने वाले समय में कई युवाओं को प्रेरित करेगी कि वे भी समाज और देश के लिए कुछ करें।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 'विज्ञान में महिलाएं' थीम के साथ दो दिवसीय गतिविधियां

# गुंडाधुर महाविद्यालय में हुई विज्ञान चेतना की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग की केमिकल सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक आयोजन संपन्न हुआ। इस वर्ष की राष्ट्रीय थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना रही, जिसके माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया।

- विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत की उत्प्रेरक

कार्यक्रम का शुभारंभ महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। वक्ताओं ने 28 फरवरी 1928 को खोजे गए रमन प्रभाव की ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी आज औषधि उद्योग, फॉरेंसिक जांच, नैनो प्रौद्योगिकी, पर्यावरण विश्लेषण तथा जैव–अणु अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी खोज के लिए प्रो. रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने का तार्किक दृष्टिकोण है। उन्होंने छात्रओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने और नवाचार को अपनाने का आह्वान किया। रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला ने वैज्ञानिक सोच को अंधविश्वासों से मुक्ति का माध्यम बताया, वहीं डॉ. आकाश वासनीकर ने अंतर्विषयक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. शोभाराम यादव ने वैज्ञानिक नैतिकता एवं अनुसंधान संस्कृति पर प्रकाश डाला। प्रथम दिवस पर रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद–विवाद एवं कौन बनेगा विज्ञानपति 3.0" प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रमुख परिणाम रंगोली प्रथम मानसा गुप्ता, चंचल यादव, द्वितीय अंजू बोस, मीनिता कोराम, तृतीय काजल पटेल, दावेंद्री पटेल। पोस्टर प्रथम अहिल्या मरकाम, द्वितीय प्रिया मंडावी तृतीय कोमेंद्र नेताम। भाषण प्रथम प्रशीश कुमार, द्वितीय चंद्रभान मौर्य, तृतीय कुसुम कोर्राम। वाद–विवाद प्रथम अमूल्या ठाकुर, द्वितीय चंद्रभान मौर्य, तृतीय कुसुम कोर्राम। क्विज प्रतियोगिता कौन बनेगा विज्ञानपति 3.0 प्रथम जितेश मरकाम, कोमेंद्र नेताम, प्रेरणा नेताम, चंद्रभान मौर्य, द्वितीय अंजू बोस, मानसा गुप्ता, चंचल यादव, सुनीता भारती, तृतीय चंद्र प्रकाश पटेल, धन सिंह यादव, संदीप कुमार जैन, भागवत प्रसाद पांडे ने भाग लिया। अतिथि व्याख्याता सुश्री नीता नेताम एवं केमिकल सोसायटी के सदस्यों यामिनी, साक्षी, चाहत, अमीषा, मोनिका पटेल, दावेंद्री, अहिल्या, काजल, प्रिया, प्रतिभा, वंदना, रोशनी, जयश्वरी, तिलक, ज्योति, रूपांतिन, निकिता, विवेक एवं आदित्य ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



### विज्ञानमय वातावरण का सृजन

कार्यक्रम के अंत में केमिकल सोसायटी प्रभारी नसीर अहमद ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। दो दिवसीय आयोजन ने महाविद्यालय परिसर में विज्ञानमय वातावरण का सृजन किया।

## आईटीआई केशकाल में हुई स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई केशकाल में एक दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025–30, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना शामिल रहीं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने, स्वरोजगार के अवसरों तथा सरकारी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे भविष्य में स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकें। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्रबंधक कुसुमलता नेताम, वीरेन्द्र ताण्डेकर एवं सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा उपस्थित रहीं। साथ ही प्रभारी प्राचार्य डी.आर. देवांगन, आईटीआई केशकाल के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

- युवाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

## एसआईआर का आया परिणाम, जिले में कुल 4 लाख 15 हजार 744 पंजीकृत मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण कर आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिले में यह अभियान 27 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर चार माह तक लगातार चला। अभियान के विभिन्न चरणों का प्रभावी संचालन करते हुए 21 फरवरी को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन के बाद जिले में कुल 4,15,744 मतदाता पंजीकृत पाए गए। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 4145 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने से संबंधित दावे एवं आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक आमंत्रित की गई थीं, जिनका निराकरण 14 फरवरी 2026 तक कर लिया गया। अभियान के दौरान 622 बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए तथा मतदाताओं के नामों का मिलान एवं मैपिंग कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। नागरिकों से प्राप्त नवीनतम फोटोग्राफ भी अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित किए गए हैं। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नुपूर राशि पन्ना द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की विस्तृत जानकारी दी गई।

**सहयोग के लिए व्यक्त किया गया आभार:** अंतिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंटों एवं बीएलओ का अभियान में अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, तहसीलदार मनोज रावटे सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया 'वजन त्योहार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 9 फर25 फरवरी तक 'वजन त्योहार' का आयोजन किया गया। वजन त्योहार' का शुभारंभ 9 फरवरी को ग्राम पंचायत पलारी के बड़ेपारा आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर द्वारा किया गया। अभियान के तहत कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका चिन्हांकन किया गया। उन्हें पोषण आहार, रेडी टू ईट एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराया गया। साथ ही शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच भी की गई। वजन त्योहार के दौरान जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कुल 50,320 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों के बेहतर पोषण स्तर के लिए अभिभावकों को संतुलित आहार देने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में निम्न हितग्राहियों की पहचान की गई बड़े डोंगर 272 किशोरी बालिका, 255 गर्भवती महिला, 234 धात्री महिला। बड़ेराजपुर 754 किशोरी बालिका, 459 गर्भवती महिला, 433 धात्री महिला। केशकाल 906 किशोरी बालिका, 574 गर्भवती महिला, 496 धात्री महिला। कोंडागांव–01 823 किशोरी बालिका, 485 गर्भवती महिला, 505 धात्री महिला। कोंडागांव–02 489 किशोरी बालिका, 292 गर्भवती महिला, 212 धात्री महिला। कोंडागांव–03 202 किशोरी बालिका, 225 गर्भवती महिला, 188 धात्री महिला। माकड़ी 628 किशोरी बालिका, 506 गर्भवती महिला, 456 धात्री महिला। फरसगांव 401 किशोरी बालिका, 196 गर्भवती महिला, 183 धात्री महिला।



### स्वच्छता और टीकाकरण पर दिया गया विशेष जोर

*वजन त्योहार के दौरान पालकों को संतुलित आहार, हरी सब्जियां, मौसमी फल, दाल एवं अन्य पौष्टिक भोजन के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही हाथ धोने की आदत, स्वच्छता एवं नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया, ताकि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की मजबूत नींव रखी जा सके।*

## बस्तर संभाग के डाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा शुरू



कोण्डागांव। आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख डाकघरों एवं उपडाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल एवं अंतरराष्ट्रीय लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध करा दी गई है। इस नई सुविधा के माध्यम से संभाग के नागरिक अब अपने पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित एवं सरल प्रक्रिया के तहत भेज सकते हैं। इससे विदेशों में रह रहे परिजनों, छात्रें एवं व्यापार से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। डाक विभाग की अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा पूर्णतः सुरक्षित एवं विश्वसनीय है। पार्सल की सुरक्षित हैंडलिंग, उचित पैकेजिंग संबंधी मार्गदर्शन तथा ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा भी ग्राहकों को प्रदान की जा रही है। अन्य निजी कूरियर कंपनियों की तुलना में यह सेवा किफायती दरों पर उपलब्ध है। भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित होने के कारण यह सेवा पूरी तरह भरोसेमंद मानी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय पार्सल बुकिंग के लिए ग्राहक को डाकघर में अपना पार्सल, पूरा व सही पता तथा वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। वजन एवं दर निर्धारण के बाद बुकिंग कर ट्रैकिंग रसीद दी जाएगी, जिससे पार्सल की स्थिति ऑनलाइन देखी जा सकेगी। डाक विभाग ने बस्तर संभाग के नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं प्रवासी परिवारों से इस अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## टैक्स नहीं चुकाने पर संपत्ति की जाएगी कुर्क : नपं की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



नगर पंचायत केशकाल ने बकाया करो की वसूली के लिए अब तक का सबसे कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। राज्य शासन के निर्देशो के बाद प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि फरवरी माह के अंत तक टैक्स जमा ना करने वाले बड़े बकायादारों की सूची न केवल सार्वजनिक की जाएगी, बल्कि उनकी चल अचल सपंति की नीलामी कर वसूली की जाएगी । नगर पंचायत केशकाल सीएमओ नामेश्वर कुमार कावडे के अनुसार जिन करदाताओं ने सम्पत्ति कर जलकर और दुकान किराया जैसे अनिवार्य शुल्कों का पिछले वित्तीय वर्ष से भुगतान नही किया हैं, उन्हे धारा 164 के तहत अंतिम नोटिस जारी किए जा चुके है। 01 मार्च 2026 से इन सभी बड़े बकायादारो के प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) न्यायालय में प्रेषित कर दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 165 के प्रावधानो के तहत न्यायालयीन प्रक्रिया शुरू होते ही संबधित करदाताओं की पेशी होगी। और बकाया राशि की भरपाई के लिए उनकी चल अचल सपंति की नीलामी या विक्रय की कार्यवाही की जावेगी । प्रशासन की इस सख्ती से उन लोगों में हड़कंच है। जो लंबे समय से करो की अदायगी में कोताही बरत रहे थे। हमारी राजस्व टीम लगातार करदाताओं के संपर्क में हैं । वैधानिक और अदालती कार्यवाही की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए समय रहते अपने करो का भुगतान करें। नामेश्वर कुमार कावडे सी.एम.ओ. नगर पंचायत केशकाल ने अपील की है। कि शहर के विकास में भागीदार बने और अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपने बकाया करो का भुगतान कर सम्मानजनक नागरिक की भूमिका निभाएं।

## जलप्रपात के फुहारों का आनंद ले रहे पर्यटक...



छाया : संतोष पाण्डे

**जगदलपुर।** बारिश के समय इंद्रावती का पानी चित्रकोट जल प्रपात में गिरने के दौरान मटमैले रंग का नजर आता है लेकिन इन दिनों यही जल प्रपात का पानी स्वीमिंग पुल के जैसा साफ सुथरा नीले रंग का दिखाई पड़ रहा है। बाहर से आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग प्रतिदिन जल प्रपात के नीचे नाव में सवार होकर गिरते पानी के नजदीक पहुंचकर फुहार का आंनद ले रहे हैं। नाव में क्षमता से अधिक सवारी भर रहे हैं। हालांकि सभी को सुरक्षा जैकेट पहनाया जा रहा है ताकि कोई अनहोनी न हो।

## पीएम सूर्य घर योजना से रौशन हुआ आवास

# शासन की योजनाओं से चमन लाल का परिवार बना आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग अंतर्गत जिला कोंडागांव के ग्राम पंचायत बड़े कनेरा निवासी चमन लाल पवार का परिवार आज शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेकर आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जी रहा है। कभी कच्चे मकान में रहने वाला यह परिवार अब पक्के, सुरक्षित और सौर ऊर्जा से रोशन घर में निवास कर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय के मंशानुसार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुँचाया जा रहा है, जिससे चमन लाल पवार के परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण श्री पवार वर्षों तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्ककी स्वीकृति मिली। साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत 95 मानव दिवस की मजदूरी प्राप्त होने से आवास निर्माण में आर्थिक संबल मिला। आज उनका घर सुरक्षित, स्वच्छ और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त है।



### उज्ज्वला और नल–जल योजना से मिली सुविधा

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिलने से परिवार को धुएँ से मुक्ति मिली। वहीं नल–जल योजना के अंतर्गत घर में नल कनेक्शन मिलने से स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुनिश्चित हुई, जिससे परिवार का स्वास्थ्य और दैनिक जीवन बेहतर हुआ।

### पीएम सूर्य घर योजना से सौर ऊर्जा की सुविधा

ग्राम पंचायत में बिजली विभाग द्वारा दी गई जानकारी के बाद चमन लाल पवार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवेदन किया। योजना के अंतर्गत उनके आवास की छत पर 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया, जिसके लिए उन्हें 1 लाख 8 हजार रुपये का शासकीय अनुदान प्राप्त हुआ।

### बिजली बिल में कमी, बचत में वृद्धि

रूफटॉप सोलर प्लांट लगने से अब घर में नियमित बिजली उपलब्ध है और बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे होने वाली बचत को वे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य पारिवारिक जरूरतों में खर्च कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, मनरेगा, उज्ज्वला योजना, नल–जल योजना एवं पीएम सूर्य घर योजना के समन्वित लाभ से चमन लाल पवार का घर अब पक्का, स्वच्छ, सुरक्षित और सौर ऊर्जा से रोशन हो गया है, जो शासन की योजनाओं की सफलता का जीवंत उदाहरण है।

## पेज 3 के शेष

### घाटलोंहगा फिटनेस ....

के परखच्चे उड़ गए थे। भारी वाहन सड़क किनारे ही नहीं बल्कि कई बार सड़क के बीच तक खड़े कर दिए जाते हैं। इसके बावजूद न तो फिटनेस सेंटर प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाती है और न ही किसी प्रकार के चेतावनी संकेतक, स्पीड कंट्रोल या ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी कई बार इस संबंध में सेंटर प्रबंधन को अवगत कराया गया था लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि न तो स्थायी सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए और न ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रशासनिक समन्वय किया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बस्तर में वैज्ञानिक....

करवाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने दण्डकारण्य आमचो बस्तर विज्ञान महोत्सव का विमोचन किया। विज्ञान महोत्सव की गतिविधि मार्च से सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें सोझ-गोठ (छात्र और वैज्ञानिक वार्ता), जोहार प्रकृती (ग्राम समिति कार्यशाला), बस्तर अनुसंधान ( बस्तर लोक विज्ञान सम्मेलन), लोक -वैद्य सभा ( पारंपरिक वैद्य विज्ञान अध्ययन अनुसंधान व कार्यशाला) और विकास यात्रा( प्रबुद्ध जनों की गोलमेज संगोष्ठी) का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर भोपाल, रायपुर से पहुँचे वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नवीनतम आयामों पर प्रकाश डाला। समारोह का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक चेतना का प्रसार करना और समाज में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ प्रशांत कवीश्वर, सीएसआईआर भोपाल के निदेशक डॉ थल्लाडा भास्कर, विज्ञान भारती के विवस्वान, बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव ने भी विचार रखे । कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडेय, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बस्तर खण्ड शिक्षा ....

संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया तथा आगामी प्रश्नपत्रों की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने और सकारात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने संस्था प्रभारी व केंद्राध्यक्षों को पेयजल, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा विद्यार्थियों की परीक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी पात्र विद्यार्थी परीक्षा से वंचित न रहे और सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण की जाएँ। बीईओ के साथ उड़न दस्ते में अविनाश सिंह भी मौजूद रहे । निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को परीक्षा की गरिमा बनाए रखने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करने पर विशेष बल दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### चिकित्सालय में हाई रिस्क गर्भवतियों की विशेष जांच



**बीजापुर।** जिला चिकित्सालय में उसूर विखं के अतिसंवेदनशील ग्राम पुसबाका, मुरकीपाल, बंडेगुड़ा एवं कोत्तागुड़ा से चिन्हित हाई रिस्क प्रेगनेंसी की गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय आमंत्रित कर समुचित चिकित्सकीय जांच सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर कुल 10 गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राधा-कृष्ण मंदिर के स्वागत द्वार का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





बंगाली कैंप, वार्ड क्रमांक 4 स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में नए भव्य स्वागतद्वार के निर्माण हेतु शुक्रवार सुबह 10 बजे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना कर स्वागतद्वार निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह स्वागतद्वार मंदिर की आस्था, गरिमा और भव्यता को नई पहचान देगा। उन्होंने कहा, श्री राधा कृष्ण मंदिर नगर की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। स्वागतद्वार बनने से मंदिर की सुंदरता और बढ़ेगी तथा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए यह आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगा। नगर पालिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

- **नपा अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने रखी आधारशिला**

मंदिर समिति के अध्यक्ष तुलसी राय एवं सचिव बिप्लव मल्लिक ने बताया कि लंबे समय से स्वागतद्वार निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूर्ण होने जा रही है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य से श्रद्धालुओं में हर्ष का वातावरण है।

वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद अमृत टंडन ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने मंदिर परिसर में बनने वाले स्वागतद्वार को वार्ड के लिए गौरव की बात बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है। पार्षद अमृत टंडन ने आश्वासन दिया कि वार्ड के विकास कार्यों के साथ-साथ धार्मिक एवं जनहित से जुड़े हर कार्य में वे सदैव सहयोग करते रहेंगे।

इस दौरान पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, देवकी ठाकुर, यशोदा चुन्नम, लीना सोनी, गोपीनाथ हरिजन, राजकुमार सोनी, थामस बाबू दुर्गम, के. सजी, अनिल मरकाम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उपस्थित भक्तों ने मंदिर परिसर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं धार्मिक आयोजनों को और अधिक भव्य रूप से आयोजित करने के संबंध में चर्चा की। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी गई।

### नकुलनार में होली की रंगत, होली से पहले ही जमा रंग

# ढोल-नगाड़ों की थाप पर गूंज रही बृज और अवध की फाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार





रंगों का पर्व होली नजदीक आते ही दंतेवाड़ा जिले जे नकुलनार गांव पूरी तरह होली उत्सव के माहौल में पहले से ही रंगा नजर आ रहा है। यहां शाम ढलते ही ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ बृज और अवध की पारंपरिक फाग की गूंज इस बात का संकेत देती ही कि होली पर्व नजदीक आ रहा हैं।

ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ होली की तैयारियों में जुटे हुए हैं और गांव में सांस्कृतिक परंपराओं की अनोखी झलक शिव मंदिर में देखने को मिल रही है।

नकुलनार बस्ती की खास पहचान यहां बसे उत्तरप्रदेश के बृज और अवध क्षेत्र से आए परिवार हैं, जिनकी वजह से आज भी गांव में उत्तर भारतीय परंपराएं जीवंत रूप में दिखाई देती हैं। धार्मिक पर्वों पर यहां की संस्कृति में बृजभूमि और अवध की छाप साफ नजर आती है। आगामी 4 मार्च को मनाई जाने वाली होली को लेकर गांव में अभी से उत्साह चरम पर है।

गांव में बने प्राचीन मनसुखेश्वर शिव मंदिर में प्रतिदिन शाम ग्रामीण एकत्र होकर करीब एक घंटे तक ढोल, ताशा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ फाग गीतों की रिहर्सल कर रहे हैं। होली के दिन यही टोली पूरे गांव का भ्रमण करते हुए घर-घर पहुंचकर प्रेम, भाईचारे और उल्लास के साथ फाग गाएगी। ग्रामीणों का मानना है कि यह परंपरा सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी संबंधों को मजबूत करने का मजबूत माध्यम है।

नकुलनार में होलिका दहन की परंपरा भी करीब 70 वर्षों से सामूहिक रूप में निभाई जा रही है। होली से एक दिन पूर्व सामुदायिक भवन के पास निर्धारित स्थल पर ग्रामीण एकत्र होकर लकड़ियां सजाते हैं और विधि-विधान से होलिका दहन किया जाता है। इसके अगले दिन रंगों की होली पूरे उत्साह के साथ खेली जाती है। परंपरा के अनुसार फाग की शुरुआत शिव मंदिर से होती है और सबसे पहले उन घरों में पहुंचा जाता है, जहां पिछली होली से लेकर इस बार की होली तक में किसी परिवार में शोक हुआ हो। उन्हें उत्सव में शामिल कर सामाजिक संवेदनशीलता और अपनत्व का संदेश दिया जाता है। इसके बाद फाग टोली गांव के हर छोटे-बड़े घर में पहुंचकर गीत गाती है। दिनभर चलने वाले इस आयोजन में लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और आशीर्वाद लेकर पर्व की खुशियां साझा करते हैं।

होली के दूसरे दिन गांव की महिलाएं भी सामूहिक होली मनाती हैं, जो पूरे दिन घर-घर जाकर गीत और उत्सव के साथ जारी रहती है। नकुलनार में होली का रंग एक सप्ताह पहले से चढ़ना शुरू हो जाता है और रंगपंचमी तक इसकी उमंग पूरे गांव में बनी रहती है। यहां की होली की परंपरा वर्षो से ऐसे ही चली आ रही है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व विद्यालयों को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं विद्यालयों को टीम विनोबा के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश ध्रुव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नहाटा के करकमलों द्वारा पोस्ट ऑफ द मंथ तथा एनएमएमएसई प्रैक्टिस टेस्ट में टॉप थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका शिल्पा सिंह चौहान, सुनीता अजित एवं शिवकुमार गुप्ता को पोस्ट ऑफ द मंथ के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही एनएमएमएसई प्रैक्टिस टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बचेली, शासकीय माध्यमिक शाला बालूद तथा शासकीय नवीन उच्च प्राथमिक शाला कतियाररास को टॉप थर्ड स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल रही है तथा विद्यालय लगातार प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से इसी प्रकार निरंतर लगन एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया, ताकि जिले के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकें। इस उपलब्धि पर सभी सम्मानित शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान की बढ़ती आवश्यकता पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





स्व. बलिराम कश्यपस्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में शनिवार की सुबह 10 बजे से रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- **मेकाज में रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला**

इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को शोध की मूलभूत अवधारणाओं, अनुसंधान पद्धति, अध्ययन डिजाइन तथा वैज्ञानिक लेखन के विभिन्न आयामों की व्यापक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रघुपति अंचला (एमबीबीएस-एएफएमसी, डीटीसीएच, एमपीएच-पिट्सबर्ग, यूएसए, पीएचडी-कैम्ब्रिज, यूके डीन अकादमिक एवं प्रोफेसर, एपिडेमियोलॉजी), डॉ. नेहा सिंह (रिसर्च साइंटिस्ट, मेकाहारा) तथा डॉ. शालिनी जैन (सहायक प्राध्यापक, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, डिमरापाल) ने व्याख्यान दिया। सभी वक्ताओं ने शोध की आवश्यकता, अनुसंधान योजना निर्माण, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण, अध्ययन डिजाइन तथा शोध पत्र लेखन की प्रक्रिया पर विस्तृत, सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, मेकाज के डीन डॉ. प्रदीप बेक, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज दंतेवाड़ा के डीन डॉ. टीकू सिन्हा, मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू तथा सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर ब्रह्मपुरकर शामिल रहे। अतिथियों ने चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान की बढ़ती आवश्यकता पर विशेष बल दिया तथा विद्यार्थियों को शोध गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उपयोगी सिद्ध हुई तथा चिकित्सा शिक्षा में अनुसंधान की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुई।

# साय सरकार के ऐतिहासिक बजट से मिलेगी विकास को गति : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



विधानसभा में पेश किए गए छत्तीसगढ़ सरकार के नए बजट का स्वागत करते हुए दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा है कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य, ख़ास कर बस्तर-सरगुजा के विकास को नई गति मिलेगी। राज्य के बजट आकार में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस किया गया है, जो स्वागतेय है। दंतेवाड़ा जिले को इस बजट में ख़ास सौगातें मिली हैं। राज्य के 3 अन्य मेडिकल कॉलेजों के साथ नए दंतेवाड़ा मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए 50 करोड़, गीदम-राजनांदगांव सड़क, बारसूर-मुचनार सड़क निर्माण, पोटाली में नया थाना खोलने, ढोलकल को बस्तर टूरिज्म हब बनाने जैसी कई सौगातें सरकार ने दंतेवाड़ा जिला वासियों को इस बजट में दी है। इसी तरह रामलला दर्शन योजना की तर्ज पर श्रद्धालुओं को शक्तिपीठ भ्रमण करवाने का प्रावधान भी सरकार ने किया है, जो स्वागतेय है।

- **दंतेवाड़ा विधायक ने बजट को विकास उन्मुखी बताते सराहा**

विधायक अटामी ने बजट की सराहना करते कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार में विकास की व्यापक और संतुलित रूपरेखा सामने आई है1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। यह वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इसके अलावा, रोजगार आधारित कृषि सेक्टर एवं एग्रो-फॉरेस्ट प्रोसेसिंग के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को बजट में शामिल किया गया है।

सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण तथा बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए 75-75 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 'बस्तर-सरगुजा ओलंपिक' के आयोजन हेतु 5-5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

बस्तर नेट परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपए तथा मुख्यमंत्री बस सेवा योजना के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

बकरी पालन, शूकर पालन एवं मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हरित विद्यालय विषय पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में संचालित जावंगा गीदम में हरित विद्यालय विषय पर आधारित एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह, वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण विभाग रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के सौहार्दपूर्ण स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में अतिथि वक्ता ने जल संसाधनों के संरक्षण, वन एवं जैव-विविधता की सुरक्षा तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कैरियर विकल्पों के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने जिज्ञासा और उत्साह के साथ सहभागिता की। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

# होली पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट, विद्युत लाइनों से दूर करें होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



होली पर सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। अधिकारियों ने कहा कि होलिका दहन विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभों से सुरक्षित दूरी पर ही किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके। विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने कहा कि होलिका दहन विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर या पोल के पास न करें। गीले शरीर से किसी भी विद्युत स्विच या उपकरण को न छुएं, क्योंकि गीली त्वचा विद्युत की अति-सुचालक होती है। ट्रांसफार्मर, स्टे-वायर या बिजली के खंभों पर पानी या गीला रंग न फेंकें। इससे अर्थिंग या फ्लैशओवर की संभावना बढ़ जाती है। घर के बाहर होली खेलते समय सुरक्षा के लिहाज से मुख्य स्विच बंद रखे। बच्चों को बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर या स्टे-वायर के पास खेलने से रोकें। बिजली प्रभावित रोकने के लिए होलिका दहन स्थल पर विद्युत कर्मी तैनात होंगे।

- **बिजली प्रभावित रोकने होलिका दहन स्थल पर तैनात होंगे विद्युत कर्मी**

### समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष को दें सूचना

अधिकारी ने उपभोक्ताओं से कहा कि यदि कहीं बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिर जाए तो उसे स्वयं हटाने का प्रयास न करें। तत्काल विभागीय नियंत्रण कक्ष को सूचना दें। आपात स्थिति में टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1912 पर संपर्क करें। साथ ही 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष पर भी सूचना दी जा सकती है।

# नेतृत्व व प्रबंधन पर हुआ 5 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा नामित जनपद पंचायत दरभा के जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में नेतृत्व एवं प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना 5 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण किया।

वापस आने पर उनसे वहां का अनुभव पूछा गया तो उन्होंने कहा की प्रशिक्षण शानदार एवं उत्साह वर्धक रहा प्रशिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रध्यापक मौजूद हैं, जिनके साथ साजा कार्यक्रम करने से आत्मविश्वास में वृद्धि हुई हैं, साथ ही नया विजन मिला हैं। जिससे आगे काम करने में साहायता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मेरे खुशी का ठिकाना तब न रहा ज़ब प्रशिक्षण कार्यक्रम में दरभा जनपद पंचायत में स्थित धुडमारास एवं तीरथगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों का वीडियो प्ले किया गया एवं यहां की उपलब्धियों को बताया गया। पीडी हरीश ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में बस्तर जिले से मैं एक मात्र प्रतिभागी था जिससे प्रबंधन का ध्यान रखकर मुझ पर फोकस हो जाता था।

प्रशिक्षण में मुझे अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। मैंने अपने समझ एवं सामर्थ्य के अनुसार इस क्षेत्र का विचार रखा जो अत्यंत प्रभावी रहा एवं प्रबंधन संस्थान से सरहाना मिली। मुझे विश्वास हैं कि हम सब मिलकर क्षेत्र के लिए बेहतर कार्य करेंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## मावलीपदर फागुन मंड़ई में शामिल हुए किरण देव



जगदलपुर। विधानसभा क्षेत्र के मावलीपदर में प्रतिवर्ष वार्षिक फागुन मंडई का आयोजन होता है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। वहीं मावलीपदर में आयोजित वार्षिक मंडई में ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि मावलीपदर मे मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं। बस्तर में आयोजित मेला,मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति,परम्परा का समावेश होता है। वहीं मेला में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, लखीधर बधेल ,गागराम ,संरपंचगण, सीईओ वीरेंद्र बहादुर,पुजारी , व देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

## डाकघर से विदेश भेज सकेंगे पार्सल लोग

**जगदलपुर।** डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा हेतु बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख डाकघरों एवं उपडाकघरों में अंतरराष्ट्रीय पार्सल एवं अंतराष्ट्रीय लेख बुकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के माध्यम से अब संभाग के नागरिक अपने पार्सल एवं सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से भेज सकते हैं। डाक विभाग की यह सेवा पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं विश्वसनीय है। ग्राहकों को पार्सल की सुरक्षित हैंडलिंग, उचित पैकेजिंग मार्गदर्शन तथा ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा प्रदान की जाती है। अन्य निजी कूरियर कंपनियों की तुलना में यह सेवा किफायती दरों पर उपलब्ध है तथा भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित होने के कारण भरोसेमंद है। डाकघर में बुकिंग हेतु ग्राहक अपना पार्सल, पूर्ण एवं सही पता तथा वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करें। वजन एवं दर निर्धारण के पश्चात बुकिंग कर ट्रैकिंग रसीद प्रदान की जाती है, जिससे पार्सल की स्थिति ऑनलाइन देखी जा सकती है। डाक विभाग ने संभाग के नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं प्रवासी परिवारों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उक्त जानकारी बस्तर संभाग डाकघर अधीक्षक मोहम्मद नियाजुद्दीन ने विज्ञप्ति में दी है।

## होलियारी सोमवार को

**जगदलपुर।** होलिका दहन पर 2 मार्च सोमवार को रात्रि 8 बजे से सिरहासार चौक पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होलियारी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लाइव आर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डे समेत अन्य अतिथियों की मौजूदगी रहेगी।

# पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय का दल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करपावण्ड



पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर में पीएम श्री योजनाओं की गतिविधियों का निरीक्षण करने नीति आयोग की युवा अध्यक्षा नूपुर गोहरी, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डीएमसी अशोक पाण्डे एवं कार्यक्रम समन्वयक शेफाली यादव का आगमन हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्या इति मेरावी एवं मुख्य अतिथिगण के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्राचार्या इति मेरावी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। तदुपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागतगीत की मनमोहक प्रस्तुति के साथ योगा डेमोंस्ट्रेशन, सेल्फ डिफेंस,कत्थक एवं बस्तरिया नृत्य आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। तदुपरांत निरीक्षण दल द्वारा पीएम श्री योजना के तहत संचालित सम्पूर्ण गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। कार्यप्रभारी शिक्षकों के द्वारा पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय स्तर पर करवाए गए कार्यो की संपूर्ण गतिविधियों को प्रदर्शनी एवं डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित करने के साथ ही हार्डकॉपी एवं कार्यो की प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय प्राचार्या इति मेरावी ने अपने उदबोधन के माध्यम से पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय में कार्यान्वित योजनाओं एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नवाचार एवं कौशल विकास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को अवगत करवाया। प्रदर्शनी के माध्यम सेविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गोल्डन रेशियो, पास्कल ट्रेंगल, जीनॉक्स पैराडॉक्स, बायोगैस प्लांट,नेचुरल फार्मिंग,वन्यजीव अभ्यारण,सट्रक्चर ऑफ एटम,कनवर्जेन्ट एंड डायवर्जेंट मिरर, पैराआर्ट, फ़ायरोग्राफ़ी, पेपर क्राफ्ट, ब्लाइंड स्पॉट डिटेक्टर, रैन अलार्म सिस्टम, फायर डिटेक्शन,ऑटोमेटिक टोल गेट, ट्रैफिक सिग्नल आदि का प्रदर्शन किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि सुश्री नूपुर गोहरी ने अपने संभाषण के माध्यम से पीएमश्री योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की एवं सम्पूर्ण प्रतिवेदन रिपोर्ट की समीक्षा की। मंच संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष गतिकृष्णन नाग द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभाते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में सराहनीय योगदान दिया। अंत में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सोनवती भगत ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### वीर सावरकर भवन में कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और विधायक हुए शामिल

# 40 हजार से अधिक किसानों के खाते में गए 205 करोड़ 95 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



राज्य सरकार ने शनिवार को कृषक उन्नति योजना के माध्यम से जिले के किसानों की झोली खुशियों से भर दी। जगदलपुर के वीर सावरकर भवन में आयोजित आदान सहायता कार्यक्रम एवं वृहद किसान सम्मेलन में जिले के 40,667 किसानों को 205.95 करोड़ रुपये

■ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा सरकार वादे पूरे कर रही

की आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की लगभग 25 लाख किसानों को 10 हजार 328 करोड़ रुपए से अधिक राशि को किसानों के खातों में हस्तांतरित किया। इस दौरान जगदलपुर में बिलासपुर जिले के कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर देखा गया। जहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों से संवाद कर उन्हें समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतर राशि मिलने सहित होली त्योहार की हार्दिक बधाई दी।

जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतर की राशि को एकमुश्त देकर किसानों की होली त्योहार की खुशी को दुगुनी कर दी है। राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए संवेदनशील होकर पहल कर रही है और वर्तमान बजट में भी उनकी सहायता के लिए अनेक किसान हितैषी प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों को उन्नत खेती किसानी के लिए सहूलियत होगी। उन्होंने सहकार से समृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने सहित लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के लिए सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों को हरसंभव मदद देने, सिंचाई संसाधनों को बेहतर बनाने प्रयास किया जा रहा है ताकि यहां के निवासियों की आमदनी बढ़े और बस्तर की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने बस्तर की बेहतरी और तरक्की में समाज की व्यापक सहभागिता पर जोर देते हुए इस दिशा में सभी को मिलजुल कर कार्य करने का आव्हान किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक किरण देव ने हल्बी में संबोधित करते हुए किसानों को होली त्योहार की हार्दिक बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार के निर्णय से किसानों के परिवारों में उत्सव का माहौल है उनकी होली की खुशियां बढ़ गई है। यह हमारी सरकार की किसान हितैषी सकारात्मक प्रयास है। इस दौरान अतिथियों द्वारा किसानों को आदान सहायता राशि प्रदाय प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वीर सावरकर भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य, जगदलपुर विधायक किरण देव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदलपुर महापौर संजय पांडे, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष कामदेव बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को मोटा धान पर 731 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई है।

इस योजना का सर्वाधिक लाभ बकावण्ड और बस्तर ब्लॉक के किसानों को मिल रहा है, जहाँ क्रमशः 67.90 करोड़ रुपए और 55.78 करोड़ रुपए की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई।

### साय सरकार ने निभाया वादा

# 25 लाख किसानों के खातों में 10 हजार करोड़, होली पर खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने होली से पूर्व प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों को धान विक्रय मूल्य की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान किए जाने को ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों से किया वादा निभाते हुए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में अंतरित कर दिए, जिससे इस बार की होली सचमुच खुशहाली लेकर आई है।

■ धान की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान, 'मोदी की गारंटी' पर मुहर

शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने त्योहार से पहले भुगतान कर यह साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है,वह करती है। यह निर्णय किसानों के प्रति प्रतिबद्धता और सुशासन की स्पष्ट झलक है। उन्होंने अंतर राशि प्राप्त करने वाले सभी किसानों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष देव ने कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय भेदभाव के लगाए जा रहे आरोपों पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर से लेकर सरगुजा तक पूरे छत्तीसगढ़ के संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों को लेकर विपक्ष की आपत्तियां उसकी नकारात्मक राजनीति को दर्शाती हैं।

***भुगतान से बढ़ी क्रय शक्ति, बाजार में आएगा नया उत्साह***

होली से पहले अंतर राशि के भुगतान से किसानों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और ग्रामीण बाजारों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। सरकार का दावा है कि एकमुश्त भुगतान से किसानों को समय पर आर्थिक संबल मिला है,जिससे वे खेती-किसानी की तैयारी, पारिवारिक जरूरतों और ऋण दायित्वों का निर्वहन सहजता से कर सकेंगे। इसे प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीति और त्वरित निर्णय क्षमता का उदाहरण बताया जा रहा है।

## मावलीपदर में डोम शेड निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने ग्राम मावलीपदर में 30 लाख की लागत से दो डोम शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

■ लोगों को व्यवसाय करने में होगी सुविधा

भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप ग्राम मावलीपदर में दो डोम शेड का निर्माण कार्य किया जायेगा। डोम शेड निर्माण से लोगों को व्यवसाय करने में सुविधा होगी। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य किए जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास कार्य करना हमारा लक्ष्य है। विकास कार्य तीव्र गति से होगा। जनता ने आज विकास कार्य को लेकर मांग रखी है उसे भी जल्द पूरा कर का कार्य किया जायेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, हरिराम मंडावी, गागराराम, लखींधर बधेल एवं क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शीतला मां की पूजा

**जगदलपुर।** शहर के कुम्हारपारा महारानी वार्ड के बंगीय समाज परिसर में आज शीतला माता की पूजा परंपरागत तरीके से धूमधाम से की गई। सुबह से ही बंगीय समाज की महिलाएं परिसर में स्थित पीपल और बरगद के वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर और फूल, फल और अन्य पूजा सामग्री चढ़ाकर सबकी मंगलकामना की। एक दूसरे को शुभकामनाएं देते सुख समृद्धि की कामना माता शीतला से की गई। आज ठंडा भोजन लोगों ने किया। घरों में चूल्हे नहीं जले।



## मछलीपट्टनम–जगदलपुर के बीच विशेष ट्रेन की सौगात

**जगदलपुर।** होली पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने मछलीपट्टनम से जगदलपुर के बीच एकतरफा विशेष एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह कदम विशेष रूप से दक्षिण भारत से बस्तर अंचल की ओर आने वाले यात्रियों को राहत देने के लिए उठाया गया है। भारतीय रेल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 07998 मछलीपट्टनम–जगदलपुर एकतरफा विशेष एक्सप्रेस 28 फरवरी शनिवार की रात्रि 23:00 बजे मछलीपट्टनम से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 7:40 बजे दुव्वाड़ा पहुँचेगी तथा 7:42 बजे वहाँ से रवाना होकर रविवार की शाम 18:30 बजे जगदलपुर पहुँचेगी। ट्रेन गुडिवाडा, काइकळूरु, आकिवीडु, भीमवरम टाउन, तनुकु, निदादावोलु,राजामुंद्री, समालकोट,अनकापल्ले, दुव्वाड़ा, कोट्टावलासा, श्रृंगवरापुकोटा,अराकू,कोरापुट एवं जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। विशेष ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए जाएंगे,जिनमें 1 द्वितीय वातानुकूलित सेकेण्ड ऐसी ,13 तृतीय वातानुकूलित तृतीय एसी , 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा 2 द्वितीय श्रेणी सह लगेज कोच शामिल रहेंगे। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा विकल्प उपलब्ध होगा।

# सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा का छठवां स्थापना दिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के इस अवसर पर जगदलपुर सहित संभाग के अलग-अलग जिलों सहित ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता अभियान के साथ विभिन्न अस्पतालों में मरीज के बीच फलों का वितरण एवं रक्तदान कर मनाया गया। स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों एवं ऐतिहासिक स्थलों की साफ-सफाई से हुई। इसके पश्चात विभिन्न जिलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया गया तथा अस्पतालों में पहुंचकर मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई।

संगोष्ठियों को संबोधित करते हुए बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक नवनीत चाँद ने कहा कि संगठन के गठन का मूल उद्देश्य बस्तर के सर्वांगीण विकास हेतु संघर्ष करना है। जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा की रक्षा एवं उस पर स्थानीय जनता के अधिकार सुनिश्चित करना संगठन की प्राथमिकता है। इसके साथ ही रोजगार का अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य की मजबूती, बुनियादी एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, समानता का अधिकार, धर्मनिरपेक्षता का विस्तार, आपसी सौहार्द और प्रेम का वातावरण स्थापित करना तथा राजनीतिक दृष्टिकोण से बस्तर को सशक्त प्रतिनिधित्व दिलाना हमारा संकल्प है।




## स्वास्थ्य विभाग व जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से लगा मेगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को महारानी अस्पताल जगदलपुर में जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक चला, जिसमें पुलिस जवानों, युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सामाजिक पहल की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात लगभग 70 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर मानवता के प्रति अपना कर्तव्य निभाया एवं 32 रक्तदाताओं ने आपात स्थिति में रक्तदान के लिए उपस्थित रहने के लिए पंजीकरण कराया। इस दौरान महारानी अस्पताल की चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीम सहित आईजी बस्तर सुंदरराज पी एवं रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया तथा अन्य पुलिस अधिकारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। महारानी अस्पताल में आयोजित उक्त मेगा रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु संस्था के अध्यक्ष निशांत जैन ने सक्रिय सहयोग हेतु महारानी अस्पताल के डॉ. संजय प्रसाद और उनकी पूरी मेडिकल टीम का हृदय से आभार प्रकट करते हुए बताया कि उनकी टीम द्वारा प्रदान की गई सेवाओं सहित उत्कृष्ट सुविधाओं और तकनीकी सहयोग के बिना यह लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं था। खून का एक-एक कतरा किसी का जीवन बचाने में मील का पत्थर साबित होगा। शिविर के दौरान संस्था के अध्यक्ष निशांत जैन, सचिव देवेश सोनी, संयुक्त सचिव शिशिर झा सहित अन्य सदस्य अंकुश पाठक, कुंदन चांडक, नितेश सोनी, सिद्धार्थ तिवारी, अज्जू जोशी, मोहित दंडवानी, राहुल सोनी एवं हर्षित बाफना आदि मौजूद रहे।

## 43 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त हुए दिनेश मिश्रा



जगदलपुर। मंत्रालय महानदी भवन में पदस्थ वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर दिनेश चन्द्र मिश्रा 28 फरवरी को अपनी 43 वर्ष 8 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। मिश्रा वर्तमान में अंकित आनंद सचिव आवास एवं पर्यावरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा पंजीयन विभाग में स्टॉफ ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। अंकित आनंद ने मिश्रा की शासकीय सेवा के रूप में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं का उल्लेख किया। उन्होंने 16 जून 1982 को बस्तर कलेक्टर कार्यालय में एक स्टेनोटाइपिस्ट के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। स्टेनोग्राफर, निज सहायक, निज सचिव, स्टॉफ ऑफिसर और वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर के पद तक पहुँचे। जगदलपुर निवासी दिनेश की शिक्षा बस्तर हाईस्कूल में हुई और नौकरी भी यही से शुरू हुई।

